परिवार के सदस्यों की संख्या के आधार पर राशन का वितरण

9. **श्री महेश्वर सिंह** : क्या नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 8 अप्रैल, 1993 के "इण्डियन एक्सप्रेस" (दिल्ली संस्करण में "दो से अधिक बच्चों का अर्थ राशन नहीं" शीर्षक से छपे समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार इस निर्णय को लागू करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कब से ?

नागरिक पूर्ति उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री और वाणिज्य मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्री कमालुद्दीन अहमद) : (क) जी हां ।

(ख) और (ग) दो से अधिक बच्चों वाले लोगों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लाभों से वंचित रखने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

PDS outlets for women

10. SHRIMATI KAMLA SINHA : Will the Minister of CIVIL SUPPLIES, CONSUMER AFFAIRS AND PUBLIC DISTRIBUTION be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Government are examining a proposal to earmark a certain number of Public Distribution System outlets exclusively for women; and

(b) if so, the details thereof ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CIVIL SUPPLIES, CONSUMER AFFAIRS AND PUBLIC DISTRIBUTION WITH ADDITIONAL CHARGE OF THE MINISTER OF, STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI KAMALUDDIN AHMED) : (a) and (b) Decisions regarding opening and allocation of fair price shops are taken by the State Governments. The Central Govt, has requested the State Govts./UT Administrations to consider reserving some percentage of fair price shops for women, including cooperatives run by women organisations.

Tariff barriers on coal imports

11. SHRI M. A. BABY :

SHRI SUNIL BASU RAY : Will the Minister of COAL be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Government are under great pressure from the World Bank to bring down tariff' barriers on coal imports;

(b) if so, the details thereof; and

(c) whether Government propose to accede to the demands of World Bank in this regard ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COAL (SHRI AJIT KUMAR PANJA) : (a) No, Sir.

(b) & (c) Do not arise.

कोयला खानों में दुर्घटनाएं

12. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ शीश अफजल** : क्या कोयला मंत्री 15 मार्च, 1993 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न सं. 2331 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में पिछले तीन वर्षों के दौरान कोयला खानों में कुल कितनी दुर्घटनाएं हुई हैं;

(ख) इन दुर्घटनाओं में कितने लोगों की मृत्यु हुई और कितने व्यक्ति घायल हुए; और

(ग) मृतकों के संबंधियों और घायल व्यक्तियों को सरकार द्वारा कितनी-कितनी मुआवजा राशि दी गई है ?